हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

- प्रदेश के हाई प्रोफाईल जिले में लगातार वारदातें
- चौक चौराहों में वारदातों से सनसनी

शहर में खुलेआम बिक रही नशीली गोलियां, चपेट में युवा, अपराध बढ़ने का भी अहम कारण




# छोटे-मोटे विवादों में भी चाकू चलाने से नहीं घबरा रहे युवा
# पुलिस का खौफ समाप्त! नशीली गोलियां बना अहम कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी कहलाने वाले राजनांदगांव जिले को कमजोर पुलिसिंग अब अपराधगढ़ बढ़ने से नहीं रोक पा रही है। हालत यह है कि छोटे-मोटे विवाद पर भी गुंडे-बदमाश चाकू चलाने से नहीं घबरा रहे हैं। शहर में बढ़ते अपराध के पीछे खुलेआम बिक रही नशीली गोलियां अहम कारण बनकर सामने आई है। पड़ोसी राज्यों से लाकर शहर में बिक रही इन गोलियों के नशे में ही युवा वर्ग अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि पुलिस महकमे को भी पूरे सिंडीकेट का पता है, उसके बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं होने से शहर की शांति बिगड़ रही है। इसके अलावा खुलेआम चाकू लेकर घूमने वाले बदमाशों के खिलाफ एक्शन ना होना भी चाकूबाजी के पीछे का महत्वपूर्ण कारण है। पिछले कुछ महीनों के दरमियान में ही शहर के अलग-अलग इलाकों से चाकूबाजी की घटनाएं सामने आई है। अधिकांश मामलों में आरोपियों के नशे में होने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा अपराध करने वाले आरोपियों में बड़ी संख्या छोटी उम्र के युवाओं की है। शहर में अलग-अलग इलाकों में छोटी-छोटी गैंग बन रही है, जो छोटे से विवाद पर भी चाकू लहराने से नहीं घबराते हैं। आलम यह है कि हर महीने आधा दर्जन से अधिक चाकूबाजी के मामले सामने आ रहे है। चाकू की नोंक पर लूट के भी मामले पिछले कुछ महीनों में देखने को मिले हैं।



## अनिंद्रा, डिप्रेशन की दवाओं से नशा

सिर्फ चिकित्सकों की पर्ची पर मिलने वाली अनिंद्र, तनाव और अवसाद की दवाएं नशे का जरिया बन गई है। यह दवाएं लोगों के गलत इस्तेमाल से उन्हें अपना आदि भी बना चुकी है। अल्प्राजोलम, एटीजोलम, लोमोटिल, एलप्रेक्स, नारजेसिक इंजेक्शन, प्राक्सीवॉन कैप्सूल, स्पाजमो प्राक्सीवॉन और रेक्सकॉफ जैसी अनिंद्रा, डिप्रेशन को दूर करने ली जाने वाली दवाइयों को नशे के रूप में उपयोग किया जाने लगा है। नशीली दवाईयां ट्रेन से लेकर बस और अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंचती है। कई बार रेलवे और स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त भी की जाती है, लेकिन पुलिस इसके सप्लायरों तक नहीं पहुंच पाती है।

## गांजा-चना की गिरफ्त में युवा

बढ़ते अपराध के पीछे नशा एक अहम कारण है। इनमें भी गांजा और चना कहे जाने वाली नशीली दवाओं का सेवन करने वाले युवा अपराध को अंजाम देने में आगे रहे हैं। हालत यह है कि शहर के हर इलाकों में इन नशा को उपलब्ध कराने वाले सप्लायर उपलब्ध हैं। पुलिस की सुस्ती के चलते युवा वर्ग तक यह नशीले पदार्थ बड़े ही आसानी से पहुंच रहे हैं।

## चाकूबाजी की अलग-अलग घटनाएं

शहर सहित जिलेभर में पिछले कुछ महीनों में घटित हुई चाकूबाजी की घटनाओं पर नजर डाले तो आटो की लाइट आंख में पड़ने पर हुए विवाद में चाकूबाजी, तेज बाइक चलाने से मना करने पर हुए विवाद में चाकूबाजी सहित गाली देने से नाराज होकर चाकू चलाने जैसे मामले सामने आए हैं। पिछले दिनों शहर के अनुपम नगर समीप दुकान गई एक महिला से भी चाकूबाजी की घटना सामने आई थी।

### रातापायली से सामने आई सूखी शिवनाथ की तस्वीर, अल्पवर्षा से किसान परेशान
# कोटे से 54% कम बारिश का असर: आषाढ़ में सूखी शिवनाथ, बोनी के लिए पानी नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आषाढ़ का महीना अपनी समाप्ति की ओर है। महज चार दिनों बाद सावन की शुरूआत हो जाएगी, लेकिन अब भी जिले में सूखे के हालत बने हुए हैं। जिले में सामान्य के मुकाबले 54 फीसदी तक कम बारिश दर्ज हुई है। इनमें भी एलबी नगर, छुरिया और डोंगरगांव ब्लॉक में सबसे कम बारिश देखने को मिली है। आलम यह है कि जुलाई का पहला सप्ताह बीतने को है और अब तक शिवनाथ के कंठ सूखे हुए हैं। खेतों में बोनी के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। जिसकी वजह से बोनी पिछड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून अपने तय समय से काफी पहले प्रदेश पहुंच चुका था। जिले में भी पिछले कुछ सालों के मुकाबले मानसून ने जल्द दस्तक दी। जिससे ऐसा लग रहा था कि जून महीने की समाप्ति तक पर्याप्त बारिश देखने को मिल जाएगी, परन्तु ऐसा हुआ नहीं। अब तक के मानसूनी सीजन में महज 95 मिमी बारिश ही देखने को मिली है, जो सामान्य से 54 प्रतिशत तक कम है। यही वजह है कि जहां छोटी नदी-नालों में जलस्तर नहीं बढ़ पाया है। वहीं शिवनाथ भी सूखी हुई है।


आषाढ़ माह की बिदाई के दौर में ग्राम रातापायली में शिवनाथ नदी सूखी।



## अंचल में आज से भारी बारिश का अनुमान

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, सिरसा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, बांकुरा, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 7 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## एलबी नगर पिछड़ा, नांदगांव में सर्वाधिक वर्षा

जिले में अब तक कुल 94.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि इस अवधि में सामान्य रूप से 203 मिमी बारिश होनी चाहिए। ऐसे में अब तक के आंकड़ों के अनुसार जिले में 54 फीसदी कम बारिश हुई है। इनमें एलबी नगर में महज 35 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य कोटे का महज 16.7 फीसदी ही है। डोंगरगढ़ में 50 फीसदी, घुमका में 64 फीसदी, छुरिया में 40 प्रतिशत, कुमरदा में 40 प्रतिशत और डोंगरगांव में 33 फीसदी बारिश हुई है। केवल राजनांदगांव ब्लॉक की स्थिति ठीक है। यहां 167 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य आंकड़े का 80 प्रतिशत है।

**1.84 लाख हेक्टेयर में खेती:** जिले में इस बार करीबन 1.84 लाख हेक्टेयर में खेती किसानों द्वारा की जा रही है। इनमें 172600 हेक्टेयर में धान फसल ली जाएगी। वहीं 3720 हेक्टेयर में मोटा अनाज, 1250 हेक्टेयर में दलहन एवं 3340 हेक्टेयर में तिलहन फसल ली जाएगी। इनमें से अब तक लगभग 55 फीसदी रकबे में ही बोनी कार्य पूरा हो पाया है। अल्प वर्षा के चलते बोनी पिछड़ गई है। खासकर एलबी नगर, डोंगरगांव और छुरिया इलाकों में बोनी के आंकड़े कमजोर हैं।

### देवशयनी एकादशी से लगा विराम
# अगले चार महीने तक नहीं गूंजेंगी मांगलिक शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवशयनी एकादशी से मांगलिक आयोजनों पर विराम लग गया है। ऐसी मान्यताएं है कि इस दिन से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। जिसकी वजह से वैवाहिक कार्यक्रम नहीं किए जाते। इस दौरान पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा।

पर्व-व्रत की श्रृंखला में 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी मनाया गया। पंचाग के अनुसार देवशयनी एकादशी 5 जुलाई को शाम 6.58 बजे से शुरू हो चुकी है, जो 6 जुलाई को रात 9.14 बजे समाप्त हुई। सूर्योदय तिथि को मानने की वजह से भक्तों ने 6 जुलाई को एक पर्व मनाया। भगवान विष्णु को समर्पित इस पर्व पर बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की एवं दान-पुण्य में जुटे रहे।



**देव उठनी से शुरू होंगे मांगलिक आयोजन :** पंचाग के मुताबिक 1 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर्व है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर देवउठनी एकादशी पर्व व्रत मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागृत होते है। इसके साथ ही शुभ कार्य एवं मांगलिक कार्यों की पुनः शुरूआत होती है। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक आयोजनों की धूम रहेगी।

## भगवान विष्णु योग निद्रा में

ऐसी मान्यताएं है कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु इसी दिन से चार माह के लिए क्षीरसागर में विश्राम के लिए चले जाते हैं। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की ग्यारहवें दिन मनाए जाने वाले इस पर्व को हरिशयनी एकादशी, पद्मा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इसी दिन से चातुर्मास प्रारंभ हो चुका है। 6 जुलाई से 1 नवंबर तक चातुर्मास रहेगा। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य विवाह, गृह प्रवेश वर्जित माना जाता है।

## मंडई मेले की भी होगी शुरूआत

नवंबर माह में पंचाग के अनुसार 22, 23, 24, 25, 29, 30 को एवं दिसंबर में 1, 4, 5, 6, 10 को वैवाहिक मुहूर्त है। इस दौरान लोगों की व्यस्तता मांगलिक आयोजनों में बनी रहेगी। देवउठनी एकादशी के साथ ही अंचल के शहर सहित ग्रामीण इलाकों में मंडई मेलो के आयोजनों की श्रृंखला शुरू हो जाएगी। शहरी सहित ग्रामीणजनों की व्यस्तता गांव-गांव में लगने वाले मंडई मेले में होने लगेगी। बहरहाल चार माह के लिए मांगलिक एवं शुभ कार्यों में विराम रहेगा। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया



**राजनांदगांव।** सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी से एक धारदार चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 5 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति फरहद चौकी ब्रिज के नीचे सार्वजनिक स्थान पर हाथ में धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है व आने-जाने वाले लोगों डरा-धमका रहा है।

**आरोपी से चाकू बरामद**

इस सूचना पर पुलिस मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी करने पर वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग रहा था, जिसे मौके पर पकड़कर गवाहों के समक्ष धारदार चाकूनुमा हथियार को बरामद अभिरक्षा में लेकर गवाहों की उपस्थिति में वैधानिक कार्रवाई करते आरोपी के कब्जे से धारदार चाकूनुमा हथियार जब्त कर आरोपी संदीप साहू 23 वर्ष निवासी गौरा चौक के पास ग्राम फरहद के विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# आंगनबाड़ी की टपक रही छत

- जर्जर आंगनबाड़ियों में पढ़ रहे नौनिहाल, जोखिम में जान



**राजनांदगांव।** शहर के विभिन्न वार्डों में संचालित आंगनबाड़ियों में दर्जनों आंगनबाड़ी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है । इन आंगनबाड़ियों को नए भवन में शिफ्ट करने आंगनबाड़ियों की मरम्मत के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अवगत कराया है, लेकिन आंगनबाड़ी की जर्जर अवस्था के बावजूद भवन को शिफ्ट करने, मरम्मत करने अथवा नए भवन बनाने को लेकर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। शहर में संचालित कुछ ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं, जहां बारिश में बच्चों का पढ़ना मुश्किल हो रहा है। वहीं कई आंगनबाड़ियों की छत भी क्रैक है। कुछ आंगनबाड़ी पुराने भवन में संचालित होने के चलते छत से पानी टपकने के साथ ही सीलन भी आ रही है।

### हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद, साम्प्रदायिक सौहार्द्र का अनुपम दृश्य
# मोहर्रम पर जियारत के लिए रखे गए ताजिये, अखाड़े का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहर्रम के अवसर पर दसवीं तारीख को मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा अपनी परंपरा के अनुरूप हजरत इमाम हुसैन और करबला के शहीदों की याद में ताजिये का निर्माण किया गया। पहले पंचायत द्वारा इस वर्ष तीन ताजिए बनाए गए। बीते कुछ वर्षों के अनुसार इस वर्ष भी शहर की सड़कों पर ताजिया ना निकलते हुए रानीसागर के समीप स्थित सैयद अटल शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह परिसर में ताजिया अकीदतमंदों की जियारत के लिए रखा गया।



हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा मोहर्रम के अवसर पर भव्य और कलात्मक ताजिए बनाए गए। हर वर्ष की तरह इस बार भी करबला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने यह आयोजन गरिमामय और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पंचायत के संरक्षक इकरामुद्दीन सोलंकी ने बताया कि विगत चार वर्षों से मोहर्रम पर कोई जुलूस नहीं निकाला जा रहा है। परंपरा के अनुसार इस बार भी अटल सैय्यद बाबा की मजार से ताजिए लाकर दिग्विजय कॉलेज के सामने मंच पर रखे गए, जहां सभी धर्मों के लोगों ने जियारत कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहा और माहौल पूरी तरह भक्ति और सादगी से परिपूर्ण रहा।

## फनकारो ने पेश किए नात

इस अवसर पर आयोजित नातिया कार्यक्रम में देशभर से आए मशहूर फनकारों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते नात पेश की। वहीं शहर के प्रसिद्ध हैदरी अखाड़ा द्वारा आकर्षक और कलात्मक प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

## दर्शन करने उमड़ी भीड़

आयोजन में बड़ी संख्या में सभी धर्मों के लोगों ने शामिल होकर ताजियों के दर्शन किए और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। पंचायत के अध्यक्ष सिकंदर गौरी ने पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर निगम और सभी धर्मप्रेमी नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।









## खबर संक्षेप

### कुआं बचाने सामने आए नागरिक

**डोंगरगांव।** कुंआ बचाओ अभियान के तहत तीसरा आयोजन वार्ड 14 मटिया में किया गया। इस मौके पर वार्ड के नागरिकों को कुंआ और जल की महत्ता बताते हुए कुओं को सहेजने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद पुरूषोत्तम साहू, इंदू साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पर्यावरण प्रेमी भोज साहू, धनेश्वरी साहू, चेतनबाई साहू, ऊषा साहू, दानबाई साहू, सीमा साहू, पार्वती साहू, परसराम विश्वकर्मा, सुरेश साहू, ओंकार साहू, टोमन साहू, परस साहू, राकेश देवांगन, पुसऊ पटेल आदि शामिल हुए।



### बेगलेस डे पर विभिन्न कार्यक्रम

**मुरमुंदा।** शनिवार को प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी की अगुवाई मे बेगलेस डे पर व्यायाम, योगाभ्यास एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने ड्राइंग वर्क, चित्रों पर कहानी बनाना एवं सांस्कृतिक गतिविधि में सहभागिता देकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया।



### सेवा सहकारी समिति चारभाटा में पौधारोपण

**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने चारभाटा धान खरीदी केंद्र में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नीम का रोपण किया। जनपद सदस्य अशोक नेताम, सरपंच अनिता अहिरवार, हनुमान दास साहू, सरपंच भागीरथी तारम, उत्तम सिन्हा, पुरषोत्तम साहू, रोहित साहू,फागुदास साहू, शारदा साहू, जोहन यादव, देनेश्वर पुराम सहित ग्रामीणों ने पचास पौधे लगाए।



### धान की रोपाई में तेजी

**सड़क अतरिया।** आषाढ़ माह के अंतिम पड़ाव में भी अपेक्षित बारिश नहीं हो सकी है। खेत, नदी, नाला, तालाब में जल भराव नहीं हुआ है पर धान रोपाई में तेजी आ गई है। किसानों ने बताया कि रोपा पद्धति में धान के पौधों को 20 से 25 दिन के अंदर रोपना पड़ता है। खेतों में जल भराव नहीं होने के कारण साधन वाले किसान धान की रोपाई कर रहे हैं। अन्य किसानो को दूसरों से पानी लेकर रोपाई करना पड़ रहा हैं। किसानों ने बताया खेतों में जल भरने से जल्दी सूख जा रहा है पर पौधो का रोपण करना जरूरी है। ऐसे पानी खरीद कर फसल लगाना मजबूरी हो गई है। वही डीएपी, यूरिया खाद की किल्लत अब भी बनी हुई है। किसान खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं।



### बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**पटेवा।** ग्राम सहित क्षेत्र में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इन दिनों बिजली का बार बार गुल होना आम बात हो गई है। लो वोल्टेज के कारण पंखा कूलर भी नहीं चल पा रहे है। मच्छरों से परेशान होकर लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। ग्राम में सब स्टेशन बनने से जनता को उम्मीद थी कि अब बिजली की समस्या से निजात मिलेगी किन्तु सबस्टेशन बनने के बाद से बिजली का गुल होना, घंटों बंद रहना आम बात हो गई है। बिजली कटौती के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानदारो का धंधा चौपट हो गया है।



### श्रद्धा से मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा

**पटेवा।** पटेवा में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन मां शीतला मंदिर प्रांगण में रखा गया है। सुबह 11 बजे से पं दिग्विजय महाराज एवं राजेन्द्र लोचन तिवारी का प्रवचन होगा। दोपहर 2 बजे से गुरूजनों का सम्मान एवं 4 बजे से मोर मयारु मानस परिवार गुदगुदा का रामायण कार्यक्रम रखा गया है। शाम को प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### दुकानदारों को दिया डस्टबिन

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम पंचायत एवं व्यापारी संघ ने छोटे- बड़े दुकानदारों को डस्टबिन प्रदान किया। दुकानों में स्वच्छता से संबंधित पोस्टर भी लगाया गया। दुकानदारों से दुकान का कचरा इधर उधर न फेंककर डस्टबिन में डालने प्रेरित किया गया। व्यापारी संघ और टाइगर क्लब के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि छूटे हुए दुकानदारों को आगामी कार्यक्रम में डस्टबिन दिया जाएगा। डस्टबिन वितरण के दौरान सरपंच भुनेश्वरी साहू, सचिव येवेंद्र साहू, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, संरक्षक अमरोतन साहू, सुनील जैन, दीपेश सोनी, लीलाधर साहू, भूपेन्द्र साहू, धरम जैन, राकेश शर्मा, आकाश जैन, अशोक जैन, प्रमोद पारख, जयराम साहू, आशीष साहू, नीलकंठ साहू, संजय सिंगी, दुलार पटेल, धरम ठाकुर, कन्हैया लहरे, दीपक सेन, झनक मंडावी, कृष्णा निर्मलकर, मना साहू, मनोज साहू, मनराखन कन्नौजे सहित अन्य मौजूद थे।



## निधन

### नैनुराम जंघेल



**गंडई।** धोधा निवासी नैनुराम जंघेल का स्वर्गवास 5 जुलाई शाम को हो गया। वह छुईखदान जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राजेश जंघेल के पिता थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम धोधा में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## नागरिकों के लिए मुसीबत बना सड़क चौड़ीकरण कार्य

# सड़क किनारे कीचड़ का ढेर खतरे में आई लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय क्षेत्र में स्टेट हाईवे के चौडीकरण पर लगातार सवाल खड़े हो रहे है। सड़क किनारे मुरूम की जगह मिट्टी डाल दिया गया है, जिससे बारिश होने के बाद जगह- जगह कीचड़ का ढेर बन गया है। बारिश का मौसम शुरू होते ही इस लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है, लेकिन फिसलन और दलदल के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है।

### गुणवत्ता पर उठे सवाल

यह सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह से गड़बड़ी की भेंट चढ़ चुका है। बाहुबली हार्डवेयर से शनि मंदिर तक न डिवाइडर बना है और नाली निर्माण की शुरुवात हो सकी है। अधिकारियों के सुस्त रवैए को देखते हुए डिवाइडर और नाली के निर्माण पर संदेह होने लगा है। शहर में चर्चा है कि कतिपय भाजपा नेताओं के इशारे पर विद्युत पोल को आगे बढ़ाकर लगाया गया है साथ डिवाइडर की ड्राइंग डिजाइन को भी बदल दिया गया है।

### लापरवाही के बाद भी अधिकारी बेपरवाह



### बेबस राजनीति

किसी समय भोपाल से दिल्ली तक राजनीतिक धमक रखने वाले शहर में इन दिनों राजनीति का बेहद बेबस स्वरूप देखने मिल रहा है। सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेसी निस्तेज हो गए है वही सत्तारुढ़ भाजपा नेताओं की सरकार होने के बाद भी पूछ परख नहीं हो रही है। निरंकुश नौकरशाही जनता के बजाए अपने लाभ के लिए काम कर रही है।

**कब होगी कार्रवाई?** स्थानीय नागरिकों और राहगीरों में इन दिनों सड़क को लेकर नाराजगी साफ़ देखी जा रही है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में ऐसी अनियमितता बरती गई है, जिससे हर रोज़ लोग जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस मामले को जांच कराएगा? क्या ठेकेदार और बेपरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होगी?

# संभावित प्रत्याशियों के नाम की अटकलें

- मतदाताओं को पेनल के अधिकृत घोषणा का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव की घोषणा लगभग एक सप्ताह पहले हो गई है। मतदान आगामी 20 जुलाई को होना है किन्तु अब तक न निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति हुई है और न चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ है। आगामी 10 जुलाई के पहले दोनो पैनल के प्रत्याशियों की घोषणा होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद चुनाव प्रचार में तेजी आएगी। सेवा दल पैनल से संरक्षण श्रेणी के 7 प्रत्याशियों में मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, महेन्द्र भाई पटेल, नीतिन हरिप्रसाद, अशोक चावडा, योगेष अग्रवाल का नाम सामने अ रहे है। सातने प्रत्याशी के रूप में ब्राम्हाण समाज के प्रदीप शर्मा या अशोक शर्मा का नाम सामने आ सकता है। इसी प्रकार अजीवन श्रेणी में चंद्रप्रकाश मिश्रा, पितंबर स्वामी, महेन्द्र सिंह परिहार, प्रकाश बिंदल, संजय श्रीवास्तव, साधारण श्रेणी से बबलू शांडिल्य, गौतम चोपडा, संजू श्रीवास्तव को दावेदार माना जा रहा है।

इसी प्रकार भैय्या जी पैनल से संरक्षण श्रेणी में नवनीत तिवारी, नारायण अग्रवाल, रवि पचेरी, हरिश भंडारी, गोविंद चोपडा, संजय अग्रवाल के नाम सामने आ रहे हैं। फेरबदल हुआ तो छेदुलाल अग्रवाल या किशन अग्रवाल के नाम जुडने की संभावना है। आजीवन श्रेणी से रघुवर प्रसाद अग्रवाल, संजय यादव, टम्मी नामदेव, देवेन्द्र मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा एवं साधारण श्रेणी से आशीष अग्रवाल, महेश तिवारी, कौतुभ्य गुप्ता हनी के नाम की घोषणा हो सकती है। दोनो पैनल में कुछ फेरबदल होने की संभावना है।

## राशि आहरण के तीन साल बाद भी स्कूल निर्माण का कार्य शुरू नहीं

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा के आश्रित ग्राम डारागांव में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 3.20 लाख स्वीकृत हुए है। स्वीकृति मिलने के बाद पूर्व सरपंच ने शाला की छत को तोड़कर दिया परंतु निर्माण प्रारंभ नहीं कराया।

निर्माण प्रारंभ नहीं करने की शिकायत शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्य सहित शिक्षकों ने बीईओ से किया है। ग्रामीणों के अनुसार स्वीकृति राशि में से पूर्व सरपंच ने निर्माण प्रारंभ करने के लिए 1.50 लाख का आहरण कर लिया किन्तु अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया है। शाला भवन के जर्जर के कारण बच्चों में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भवन खंडहर में तब्दील हो गया है।

## यह कैसा मेंटनेंस, एक पख़वाड़े में 23 बार हुई बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

साल दर साल मंहगी होने विभिन्न टेक्स देने के बाद उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। लोगों को आए दिन अघोषित कटौती के अलावा प्रत्येक शनिवार को पोल शिफ्टिंग के नाम पर घंटो बिजली का गुल का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में घंटो बिजली गुल कर मेंटनेंस किया गया था ताकि बारिश के दिनों में निर्बाध आपूर्ति हो सके। झुलसा देने वाली गर्मी के बीच ने लोगों ने कटौती को इस उम्मीद के साथ बर्दास्त कर लिया था बारिश के दिनों में राहत मिलेगी किन्तु इन दिनों इसका असर देखने नहीं मिल रहा है। एक भी दिन ऐसा नहीं गुजर रहा है ज़ब बिजली गुल न हो। आए दिन वक्त बेवक्त बिजली गुल होने के बाद लोग बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं उनका गुस्सा भी बढ़ते जा रहा है। जो किसी भी दिन उग्र आंदोलन के रूप में सामने आ सकता है।

### ऐसी भी शिकायत

बिजली गुल होने से परेशान लोगों को अधिकारी कर्मचारियों की बेपरवाही रास नहीं आ रही है। आम शिकायत है कि बिजली गुल होने पर अधिकारी मोबाईल रिसीव नहीं करते। कार्यालय का फोन 24 घंटे व्यस्त बताता है और कभी काल लग भी जाता है तो कोई रिसीव नहीं करता।

### हर रोज गुल की समस्या

निकाय क्षेत्र में बिजली गुल होना आम बात हो गई है। दिन के अलावा रात में भी ज़ब तब बिजली गुल होते रहती है जिससे नगरवासी हलकान हो गए है। जानकारी के अनुसार जून के 15 दिन में 23 बार बिजली अघोषित रूप से गुल हुई थी। सर्वाधिक बिजली गुल 21 जून को चार बार हुई थी। वही शनिवार को पोल शिफ्टिंग के नाम पर शहरवासियों को बिजली सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।

# टंकी बनी पर नलों में नहीं आ रहा पानी

## लाखों खर्च होने के बाद भी ग्रामीण जूझ रहे जल संकट से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत जीराटोला के आश्रित ग्राम बगदूर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। निर्माण पूर्ण हुए लगभग दो साल हो गए हैं लेकिन आज पर्यंत घरों में लगे नल में पानी नहीं आया है। दो साल पहले जब योजना के तहत निर्माण शुरू हुआ था तब ग्रामीणों में हर्ष का माहौल था। उन्हे उम्मीद थी कि अब जल संकट दूर हो जाएगा पर ग्रामीणों का यह सपना अधूरा है। ग्राम के कुछ लोग अन्य से पानी खरीद कर जीवन यापन कर रहे हैं। तो कुछ लम्बी दूरी तय कर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम में जीराटोला में पानी नवीन टंकी का श्रीगणेश लम्बे समय से अटका है। यहां दो बोर से डायरेक्ट पानी सप्लाई कर घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जीराटोला और बगदूर में पाईप लाईन का विस्तार अधूरा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानपुर नाका के ग्रामीण दो साल से इस आश में हैं कि गांव में नल जल योजना शुरू होगी तो उनके घर में भी नल से पानी आएगा। इस गांव में भी लगभग दो साल पहले नल जल योजना के माध्यम से सभी घरों में जल उपलब्ध कराने कार्य शुरू हुआ था जो अब तक अधूरा है। गांव के इंदिरा आवास मोहल्ले के ग्रामीणों ने बताया कि इस मोहल्ले में करीब पचास परिवार निवासरत है जिनके लिए जल की कोई व्यवस्था नहीं है। एक हैंडपंप के भरोसे पूरा मोहल्ला जीवन यापन कर रहा है। इसी मोहल्ले में जल जीवन मिशन की टंकी बनी है। कुछ घरों तक पाईप लाईन विस्तार कर नल लगा दिया गया है पर किसी भी घर में पानी नहीं आता है। समस्या को देखते हुए पंचायत ने हैंडपंप में मोटर लगाया है जिसके पानी को ले जाने दो से तीन सौ मीटर का तक का सफर ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। यहां सुबह और शाम पानी के लिए लंबी कतार लगी रहती है।



### पाईप लाइन का अधूरा विस्तार

सरपंच बोधन मेरावी ने बताया कि योजना तहत पानी टंकी का निर्माण और पाईप लाईन का विस्तार कार्य दो साल से अधूरा पड़ा है। गांव के 3 सौ घरों को पेय जल उपलब्ध कराया जाना है पर निर्माण अधूरा होने से डायरेक्ट बोर से लगभग सौ घरों तक पानी पहुंच रहा है। दो सौ घर योजना से नहीं जुड़ पाए हैं।

### आश्वासन पूरा नहीं

जानकारी के अनुसार पंडरिया, जोम, मानपुर, बगदूर, चकनार, कुकुरमुड़ा सहित कुछ अन्य पंचायत में लाखों की लागत से बनी टंकी शो पीस बनी हुई है। कही टंकी लिकेज है तो कहीं पाईप लाईन में गड़बड़ी की समस्या है। बीते माह क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर आयोजित समाधान शिविर में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि समस्या को दूर कर शीघ्र ही नल जल योजना शुरू किया जाएगा किन्तु हालत जस के तस बनी हुई है।

## श्रद्धालुओं के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए चांपा से आए श्रद्धालुओं के साथ मेला ग्राउंड के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा मारपीट कर पैसे, मोबाइल और कीमती सामान लूटने की घटना को अंजाम दिया। दर्शनार्थी मोबाइल बचाने में सफल रहे। असामाजिक तत्वो ने उनके साथ मारपीट की और उनके कपड़े भी फाड़ दिया। जानकारी के अनुसार देर रात कुछ श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे। मेला ग्राउंड के पास घात लगाए अज्ञात लुटेरों ने उन्हें रोका, मारपीट की। उनके पास से नकद, मोबाइल एवं अन्य कीमती वस्तुएं लूटकर फरार हो गए।

## मासूम से दरिंदगी, आरोपी को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर घर ले जाकर दरिंदगी करने के आरोपी चीकू उर्फ विकास पटेल पिता रोहित पटेल निवासी लालबहादुर नगर को अदालत ने कड़ा सबक सिखाया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिभा वर्मा ने धारा 652 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास तथा धारा 137 बीएनएस के तहत 5 साल के सश्रम कारावास की सजा का आदेश पारित किया है। आरोपी को क्रमशः 5000 और 1000 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने की स्थिति में अतिरिक्त 6 माह और 2 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। इस मामले में अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी की।

## बुंदेली में शराब की अवैध बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत बुंदेली के ग्रामीण शराब की अवैध बिक्री से परेशान हैं। गांव का माहौल दिनों दिन खराब होते जा रहा है। गांव में शराब की अवैध बिक्री बंद कराने पंचायत में प्रस्ताव कर आबकारी, पुलिस को सौंपा जा चुका है पर इस पर अंकुश नहीं लग सका है। शराब की अवैध बिक्री के कारण गांव में शाम को पियक्कड़ों का मेला लग जाता है। कई बार गाली-गलौच एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सहजता से शराब मिलने के कारण बच्चे भी नशा की गिरफ्त में फंस रहे हैं। सड़क पर शराबियों का मजमा लगने से छात्रों को आने जाने परेशानी होती है।

### शिकायत की अनदेखी

सरपंच दिवाकर सोनी ने बताया कि गांव में बिक रही शराब पर रोक लगाने पंचायत द्वारा प्रस्ताव किया जा चुका है। विभाग में आवेदन देकर रोक लगाने की मांग किया गया पर अब तक न विभागीय कार्रवाई हुई है और न शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगी है।

## तिलक लगाकर कराया बच्चों का मुंह मीठा





**सड़क अतरिया।** ग्राम कुटेली कला में बीते दिवस प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद सदस्य दुष्यंत जंघेल शामिल हुए। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। नवप्रवेशित छात्रों कऐ तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर श्रीसिंह ने कहा कि शासकीय स्कूलों में मिल रही सुविधा और ज्ञान से छात्रों का भविष्य बेहतर बन रहा है। उन्होंने बच्चों से नियमित स्कूल आने और घरों में जाकर नियमित रूप से होमवर्क करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, पालक, शिक्षक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### बच्चों को खिलाया खीर पुड़ी

**एलबी नगर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों प्रवेश उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में समिति की सदस्यों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चन कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संस्था के बच्चों ने शिशु गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर बोधन साहू, भगवानी, हनुमत, संध्या, जागृति, यशोदा, सोमेश्वरी आदि उपस्थित थे।अंत में आभार व्यक्त बालचंद यादव ने किया। संचालन रमा साहू ने किया। अंत में बच्चों को खीर, पुड़ी खिलाया गया।

:: शपथ-पत्र ::

शपथकर्ता:-नरेन्द्र हरप्रसाद प्रसाद पिता हरप्रसाद उम्र 60 वर्ष जाति-ब्राम्हण निवासी सतगुरू वाटिका, लेडीजोब रोड, वार्ड नं. 01 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि :-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त वर्णित पते अनुसार निवास करता हूँ।
2. यह कि शपथकर्ता का वास्तविक व पुरा नाम नरेन्द्र हरप्रसाद प्रसाद पिता हरप्रसाद हैं जो सत्य एवं सही हैं।
3. यह कि शपथकर्ता के रेल्वे विभाग में नाम नरेन्द्र कुमार पिता हरीप्रसाद हैं।
4. यह कि शपथकर्ता को अपने सही नाम नरेन्द्र हरप्रसाद प्रसाद पिता हरप्रसाद के समर्थन में रेल्वे विभाग के समक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता

-: सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक का कथन मेरे स्वंय के ज्ञान से सत्य एवं सही है इस पर किसी भी तथ्यों को छिपाया नहीं गया है कथन मेरे बताये अनुसार टंकण किया गया जिस पर आज दिनांक 02/07/2025 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान- डोंगरगढ़
दिनांक 02/07/2025
नरेन्द्र
शपथकर्ता

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

TEAM CREATIVE

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### सादगी से मना मोहर्रम

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मानपुर में मुस्लिम समाज ने रविवार को मोहर्रम पर्व सादगी से मनाया। इस मौके पर समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग ने मस्जिद में नमाज अदा कर करबला के शहीदों को याद किया। क्षेत्र सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई।

### सरकार को किसानों की चिंता नहीं : गुप्ता

**छुरिया।** क्षेत्र में खाद बीज संकट को लेकर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष



राजीव गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल की बुआई युद्ध स्तर पर चल रही है, लेकिन सरकार खाद और बीज की व्यवस्था करने में नाकाम रही है जिसके कारण किसानों को इन दिनों खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार को किसानों की परवाह नहीं है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि सोसायटी में खाद नहीं है जबकि व्यापारी मंहगे में खाद बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूरिया और डीएपी की कालाबाजारी से किसान मुसीबत में पड़ गए हैं।

### हेमंत बने मंदिर समिति के अध्यक्ष

**सोमनी।** ककरेल में ग्राम विकास समिति की बैठक आयोजित किया गया जिसमें सभी ग्रामवासी शामिल हुए। बैठक में महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक



चर्चा किया गया। इसी क्रम मे सरपंच अभिषेक पटिला ने गाँव में बनने वाले माता शीतला मंदिर निर्माण समिति का गठन कराया। सभी की सहमति से हेमंत साहू को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तारणदास जोशी, सचिव राजेश बर्मन, कोषाध्यक्ष विक्रम साहू, संरक्षक अभिषेक पाटिला, आशीष साहू को बनाया गया। कार्यकरणी सदस्य में दिलीप यादव, मनहरण खुटे, ज्ञानेश्वर महिलाँग, कमलेश रात्रे, बीरेंद्र विश्वकर्मा, गजानंद सोनवानी, रमेश टंडन, पुरषोत्तम साहू, बलदेव प्रसाद यादव, नेमचंद, नंदलाल साहू, विजय जोशी, परमानंद साहू, यशवंत रात्रे को शामिल किया गया है।

### नवप्रवेशी बच्चों को बैग वितरण

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला करमतरा में ग्रामीणजन सेवा समिति करमतरा द्वारा कक्षा पहली के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को बैग



वितरण एवं शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। बच्चे बैग प्राप्त कर खुश हुए। उपस्थितजनों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस अवसर पर टूमन साहू, हीरूराम साहू, योगेश साहू, बुधलाल साहू, देवकुमार साहू, खुमान साहू, डोमनलाल साहू, भेंगराज गंजीर, छोटेलाल साहू, सदानंद साहू, गजेन्द्र गंजीर समेत अन्य लोग शामिल थे। यह जानकारी समिति के सदस्य चंद्रभूषण साहू ने दी।

### खुज्जी स्कूल में बच्चों को परोसे गए खीर-पूरी व लड्डू

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी में सेवानिवृत्त प्रधान



पाठक तीरथराम देवांगन सपरिवार पहुंचकर न्योता भोजन कराया गया। न्योता भोजन में खीर-पूरी, मोतीचूर के लड्डू परोसा गया। न्योता भोजन से सभी बच्चे प्रसन्न हुए । इस अवसर पर तीरथराम देवांगन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती देवांगन, सुपुत्री साक्षी, शाला विकास समिति के पदाधिकारी विशाखा घरेंद, जेआर यादव, देवानंद साहू, हेमंत देवांगन, जगतराम सोनकर, डी. मानकर, भूमिका साहू, करुणा देवांगन, केशिनी साहू, नंदा रामटेके, पुष्पा पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, हेमीन साहू, कमला देवांगन, रमशीला, पूजा शर्मा, कुमारीबाई साहू एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। न्योता भोजन कराने के लिए प्रभारी प्रधानपाठक श्रीमती मानकर ने आभार व्यक्त किया।

### शिक्षा को जनाभियान बनाने सरकार की नई पहल

**राजनांदगांव।** शासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला गंजपारा में 4 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि



पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल है। इसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करना है। विद्यालय की प्रधान पाठक ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बच्चों की विभिन्न उपलब्धियां को भी बताया। शाला में कक्षा पहली के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर वेलकम स्टिक देकर स्वागत किया। शाला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया तथा उनका बैच लगाकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, इंग्लिश ग्रुप सॉन्ग, छत्तीसगढ़ी सामूहिक नृत्य, क्लेप डांस, एकल नृत्य, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शाला की शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधान पाठक रबिया शादाब, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पालक व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को विदाई

**कल्लूबंजारी।** प्राथमिक शाला घोटिया के प्रधानपाठक रामकुमार मंडावी




के सेवानिवृत्त होने पर संकुल शिक्षक परिवार ने बिदाई-सह सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्यअतिथि सेवानिवृत्त प्रधानपाठक श्री मंडावी थे। विशेष अतिथि पीडी साहू, संकुल प्राचार्य एसके मंडलोई, गौतरहीन कुंजाम, संतराम कोर्राम एवं दिनेश कुरेटी थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सविता वर्मा एवं संकुल समन्यक राकेश कुमार कुलेशिया ने किया। शुभारंभ और स्वागत के बाद श्री मंडावी ने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र के निर्माता होता है। उन्होंने अपने सेवा काल में बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं संस्कार देने का हर संभव प्रयास किया। विशेष अतिथि पीडी साहू,एसके मंडलोई, गौतरहीन कुंजाम, संतराम कोर्राम एवं दिनेश कुरेटी ने संबोधित किया। शिक्षकों ने श्री मंडावी को स्मृति चिन्ह, शाल,श्रीफल एवं हाथ घड़ी भेंट किया।

### दवा खरीदी, वितरण और भुगतान में पारदर्शिता का अभाव

# गरीबों के स्वास्थ्य से खेल, 23 लाख की गड़बड़ी पर सूडा का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रदेश की गरीब बस्तियों में रहने बसने वालों की सेहत पर सियासत के मेहरबान अफसरों की लापरवाही भारी पड़ रही है। वर्तमान मे नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ नरेश वर्मा पर सूडा ने शिकंजा कसा है हालांकि मामला उनके कवर्धा नगर पालिका में सीएमओ के रूप में सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी के कार्यकाल के दौरान का है।

शहर में नियम पांबद सीएमओ के रूप में चर्चित नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियांवयन के दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान में पारदर्शिता के अभाव में 2 लाख 13 हजार 497 रूपयों का अपव्यय, थर्ड पार्टी आडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयों की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमें से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियांवयन में पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता, को सेवा शर्तो के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए सात दिनों के भीतर उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा है। प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमों के प्रावधान तहत किया जाएगा।

#### दुहरा आचरण को कर रहा प्रमाणित

सूडा ने कवर्धा में पदस्थ सीएमओ नरेश वर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि नोडल अधिकारी होने के बावजूद उनके द्वारा योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता नही रही, जिम्मेदारी का भाव नही दिखा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है। गरीबों के इलाज के लिए बनी योजना में इस तरह की लापरवाही और भ्रष्ट रवैया प्रदेश की नौकरशाही की स्याह तस्वीर दिखाता है जहां जिम्मेदारी और ईमानदारी महज शब्द बनकर फिंजा मे गूंज रहा है। कवर्धा के बाद यहा नपा में पदस्थ सीएमओ नरेश वर्मा के नियम कानून और कार्यशैली को लेकर अड़ियल रवैये से आहत ठेकेदारों और कर्मचारियों का कहना है कि गरीबों के स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण योजना मे शिकायत जॉच के दौरान सरकारी राशि की अनियमितता के दोषी पाए गए सीएमओ नरेश वर्मा का यह कृत्य उनके दुहरे आचरण को प्रमाणित करता है। यहॉ बात बात पर नियम कानून की बात करने वाले और मातहत कर्मचारियों पर रौब झाडने वाले सीएमओ के खिलाफ सरकारी राशि के बंदरबांट को लेकर सूडा की कारवाई स्वागत योग्य है।

## प्रेस क्लब ने किया 15 शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई प्रेस क्लब ने क्षेत्र के 15 शासकीय शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट और निःस्वार्थ योगदान के लिए प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इन शिक्षकों को यह सम्मान इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने नियमित शिक्षण कार्य के अतिरिक्त गंडई और ग्रामीण इलाके के बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क नवोदय और प्रयास स्कूल में प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग दिया था। शिक्षकों के इस प्रयास का सुखद परिणाम सामने आया और दो दर्जन से अधिक बच्चों का चयन नवोदय और प्रयास स्कूलों में हुआ है। प्रेस क्लब गंडई ने जिन शिक्षकों कोसम्मानित किया उसमें यांत्री पड़वार, कौशलसिंह राजपूत, राजेश कुमार श्रीवास्तव, भागचंद साहू, उज्जवल नामदेव, दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, महेश वर्मा, मायाराम राठौर, खेमशंकर साहू, नंदकुमार जंघेल, बिरेंद्र कुमार वर्मा, पुनेश्वर देवांगन, शेख कलीम और खेमलाल जंघेल शामिल थे।

- नवोदय और प्रयास कोचिंग क्लास में दिया सेवा

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए क्लब के संरक्षक अनिल अग्रवाल और मन्नू चंदेल ने शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। शिक्षकों ने भी इस अवसर पर नवोदय और प्रयास स्कूल के लिए बच्चों को और बेहतर तरीके से मुफ्त शिक्षा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## आशुरा के नमाज के बाद वतन की सलामती के लिए दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुस्लिम हिजरी का पहला महीना मोहर्रम का होता है और इस महीने का दसवा दिन आशूरा कहलाता है। इस दिन मुस्लिम घर एवं शहर में लंगर लुटाते है और छबील बांटते हैं। कहा जाता है कि आज के दिन की मांगी गई दुआ खाली नहीं जाती।

मुस्लिम आज चार रकात नमाज नफ़ील पढ़ते हैं और अपनी उम्र दराजगी की दुआ करते है। उसके बाद अपने रोजी बरकत की दुआ करते है। नमाज तन्हा पढ़ा जाता है। उसके बाद जामा मस्जिद के आशुरा की दुआ सुनाई जाती है। छुईखदान में हाफिज सरीफ़ुल हक साहब और उदयपुर में हाफिज इलियास अहमद ने वतन की सलामती की दुआ मांगी। इतवार के दिन आशूरा होने के कारण मुस्लिम समाज के लोगों ने सम्मान और श्रद्धा के साथ मोहर्रम में खिचड़ा और छबील का लंगर लुटाया। इस अवसर पर छुईखदान, साल्हेवारा, नर्मदा, मानपुर नाका, देवपुरा, रेंगाखार, लिमो, पंडरिया, गंडई, खैरी, अमलीडीह, पिपरिया, उदयपुर में जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और आशुरा की नमाज़ अदा कर करबला के शहीदों को याद किया।

#### बलिदान और सब्र का प्रतीक

मोहर्रम के त्यौहार में मातम मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है, जिसे बलिदान और सब्र का प्रतीक माना जाता है। इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में सत्य और इंसाफ के लिए अपना बलिदान दिया। इसी वजह से मोहर्रम में शहीदों की याद में मातम और इबादत की जाती है। मोहर्रम त्यौहार को लेकर छुईखदान, साल्हेवारा, नर्मदा, मानपुर नाका, देवपुरा, रेंगाखार, लिमो, पंडरिया, गंडई, खैरी, अमलीडीह, पिपरिया एवं उदयपुर में सभी समुदायों के लोगों ने एकता और प्रेम का परिचय दिया।

## खाद संकट को लेकर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर अछोली समिति के सामने धरना दिया। प्रदर्शन के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी और महात्मा गांधी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विरोध स्वरूप मंच पर डीएपी खाद रख कर पूजा करते हुए हार चढ़ाया गया।

प्रदर्शन में शामिल विधायक श्रीमती बघेल ने कहा जब कांग्रेस सरकार थी तब किसानों को उपज की अच्छी कीमत दिया गया। किसानों को 5 सालों तक कभी भी खाद की किल्लत से जूझना नहीं पड़ा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि सोसाइटी में खाद् नहीं आने के संबंध में पूछने पर अधिकारी यूक्रेन युद्ध का हवाला देते हैं जबकि निजी दुकान में खाद मिल रही है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कृषि नीति बनाया जबकि भाजपा सरकार उत्पादन को रोक रही है इसलिए किसानों को डीएपी और अन्य खाद उपलब्ध नहीं करा रही है।

#### भाजपा राज में किसान बेहाल

प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार के राज में किसान डीएपी खाद के लिए भटक रहे हैं। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव नरेंद्र वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, पल्टू लहरे, पंचराम चंदेल, गोकरण कोसले, दिनेतु प्रकाश जांगड़े आदि ने संबोधित किया।

#### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अंत में राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान, फिरंगी पटेल, फत्तू वर्मा, पंचराम चंदेल, रमन साहू, टुमेश नेताम, श्यामसाय टांडेकर, गजेंद्र कुमार, संजीव गुप्ता, ढुलीचंद बडोले, ओम प्रकाश महानदी, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अंबादे, तरुण फुले, सुरेश मेश्राम, दिनेश साखरे, मनोज सहारे, इंद्रजीत साहू, राजकुमार, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, किशोर अंबादे, मुकेश साहरे, राजू राजपूत आदि उपस्थित थे।

## रानी रश्मि देवी कॉलेज में मना राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय कालेज में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला और वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष मोनिका जत्ती मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। मोनिका जत्ती ने सांख्यिकी की उपयोगिता, तकनीक और सांख्यिकी के जनक की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा करते हुए सांख्यिकी दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। साथ ही विद्यार्थियों को सांख्यिकी के उपयोग व उसको एक कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला ने सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में उपयोग, सांख्यिकी के विभिन्न प्रक्रियाओं, डेटा विश्लेषण और अनुसंधान, कॉर्पोरेट में सांख्यिकी के महत्व को उजागर किया। इस दौरान कालेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे स्टुडेंट्स मौजूद थे।

## बैगा आदिवासियों के साथ मनाई जयंती

**सड़क अतरिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एकत्र होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उनके विचार, आर्दश, सिद्धांत आदि पर प्रकाश डाला गया। इसी कड़ी में पूर्व विधायक कोमल जंघेल की उपस्थिति में ग्राम तुमड़ादाह में बैगा आदिवासियों एवं नर्मदा मंडल के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी की जयंती मनाया।इस मौके पर श्री जंघेल ने बताया की डॉ. मुखर्जी को जनसंघ एवं भाजपा का पुरोधा कहा जाता है। मुखर्जी कश्मीर में धारा 370 के विरोधी थे। इस अवसर पर छुईखदान सरपंच



संघ के अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, मुकचंद नायक, डा डेरालाल मसखरे, भुनेश्वर सेन, सरपंच चंद्रकुमार वर्मा, अंजोरी धुर्वे, टीकाराम बैगा, सुंदर नेताम, साधू बैगा आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम का शानदार प्रदर्शन

# छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने वेस्ट बंगाल और तमिलनाडु से शानदार जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 3 से 14 जुलाई तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 28 प्रतिष्ठित टीमों के बीच मुकाबला हो रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का पहला मुकाबला वेस्ट बंगाल से हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ टीम ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की।

इस मैच में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी श्यामली राय ने 3 गोल किए। जबकि ट्विंकल और मनप्रीत ने एक-एक गोल किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए श्यामली राय को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। दूसरे मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम का सामना तमिलनाडु से हुआ। इस मैच में भी छत्तीसगढ़ ने 2-1 से जीत हासिल की। श्यामली राय और दुबी रावत ने एक-एक गोल किया। तमिलनाडु के खिलाफ इस मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड दुबी रावत को दिया गया।

#### प्रदर्शन की सराहना

छत्तीसगढ़ हॉकी टीम के कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने टीम के प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने वेस्ट बंगाल और तमिलनाडु के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। जिसके फलस्वरूप सभी गोल मैदान में बने और टीम ने अपनी आक्रामकता को बखूबी प्रदर्शित किया।

#### शिविर में चयन

छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 28 खिलाड़ियों का चयन कर राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नौरीन हयात, विशाखा, डिफेंडर केसर साहू, अंजलि एक्का, जिज्ञासा कश्यप, मिडफील्डर सुधा साहू, श्यामली राय, सरिता मौर्य, स्मिता कुजूर, सोनाक्षी यादव, अज़मत प्रवीन, स्ट्राइकर ट्विंकल प्रजा, दुबी रावत, मनप्रीत कौर, काव्या सिंह ठाकुर, रश्मि निषाद, संजना और रिया खालको शामिल हैं। इस टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक कोच दीपेश चौबे और टीम मैनेजर सुप्रिया तिग्गा हैं।

## आत्मानंद की छात्रा नेमा को मिला राष्ट्रीय खेल पुरस्कार



**खैरागढ़।** स्वामी आत्मानंद कन्या शाला में कक्षा बारहवीं की छात्रा नेमा पिता विश्वनाथ निषाद को पंख बंसल न्यूज ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित किया। राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में न्यूज एजेंसी के अधिकारियों ने नेमा निषाद को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रतीक चिंह व नगद राशि पारितोषिक के रूप मे दिया। शाला में प्रार्थना सभा के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने नेमा की उपलब्धि को शाला व संगीत नगरी का गौरव बताते हुए कहा कि किसी भी गतिविधि मे पुरस्कार का विशेष महत्व है क्योंकि यह न केवल खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचान दिलाता है बल्कि दूसरों को भी खेल मे उत्कृष्टता प्राप्त करने प्रोत्साहित करता है। पुरस्कार प्रक्रिया खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ साथ युवा प्रतिभाओं को खेलों में समर्पण, प्रेरणा और कड़ी मेहनत को बढ़ावा देने का काम करता है। इस दौरान शाला की व्यायाम शिक्षिक श्रीमति नीलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## सार समाचार

### जनपद कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जनपद कृषि स्थाई समिति की आवश्यक बैठक 4 जुलाई को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्णिमा साहू ने की। बैठक में



समिति के सदस्य साकेत वैष्णव, चंद्रेश वर्मा, ललिता साहू समेत अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में 2024-25 के दौरान संवर्गीय विभागों द्वारा योजना अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा समस्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। किसानों को सेवा सरकारी समितियां द्वारा खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता कराने को निर्देशित किया गया। बैठक संपन्न होने के बाद कृषि विभाग के कंपाउंड में सभापति द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। साथ में सदस्य द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्य में अधिकारी-कर्मचारी की भी मौजूदगी रही।

### स्वच्छताग्राहियों को रेनकोट वितरण

**राजनांदगांव।** आदर्श ग्राम सुरगी में स्वच्छता त्यौहार प्रत्येक शनिवार को मनाया जाता है। जिसमें 5 जुलाई को ग्राम सुरगी में शीतला तालाब व मंदना



तालाब के पास सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता ग्राहियों को पंचायत प्रतिनिधियों ने रेनकोट वितरण किया। इस मौके पर सुग्रीव साहू सरपंच, जावंतीन चंदेल सचिव, युवराज साहू उपसरपंच, महेश दिवाकर पंच, भुवनेश्वरी देवदास पंच, वेदिका, पुष्पा, बसंती, उत्तरा, हुलसीबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, टूमीनबाई मितानिन प्रेरक, भारती साहू, कमलेश्वरी मितानिन, गैंदलाल, रूपेंद्र चतुर्वेदी पंचायत ऑपरेटर एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सांगिनकछार में ग्राम समिति का गठन

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम सांगिनकछार में ग्राम समिति का गठन करने सरपंच प्रतिनिधि मनोहर वर्मा एवं ग्रामीण पटेल होमेशवर वर्मा द्वारा गांव में बैठका आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीण के सर्वसम्मति से गांव में सभी 12 वार्ड में सदस्य निर्वाचित हुए और अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव बनाया गया। जिसमें अध्यक्ष नरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष केजऊ वर्मा, सचिव बिहारीलाल सिन्हा, सदस्य तिलक खुटे, भुजबल साहू, रितेंद्र नेवला, सुमंत वर्मा, राजेन्द्र बंधे, परमेश्वर चंद्रवंशी, सगाराम साहू, पूरन वर्मा, यासुददीन खान को बनाया गया है।

### जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत जिला अस्पताल राजनांदगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. विधि गजभिये की अस्थाई तौर पर संविदा नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में विभिन्न पदों पर भर्ती की जा रही है। जिला अस्पताल के मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य भी जारी है।

### ओपन कैंपस से 2 विद्यार्थियों का बैंकों में चयन

**राजनांदगांव।** कॉन्फलुएंस कॉलेज विद्यार्थियों का न केवल शैक्षणिक विकास करता है, बल्कि उचित कैरियर गाइडेंस प्रदान कर उनके कैरियर के लिए एक रास्ता भी बनाता है। जिसके तहत महाविद्यालय में विभिन्न कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आती है और विद्यार्थियों को चयनित करती है।





इस वर्ष भी आयोजित ओपन प्लेसमेंट कैंपस में दो होनहार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस कैंपस में दिग्विजय महाविद्यालय, शिवनाथ साइंस कॉलेज, कमला कॉलेज, सीआईटी कॉलेज, अशोक कॉलेज एवं रॉयल कॉलेज के साथ-साथ अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया था। जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। नीट प्रमुख विकास पांडेय और वेद विद्यार्थी प्रमुख चिंतामणि यादव के मार्गदर्शन में राखी सोनकर और श्रेयांश सोनी का चयन क्रमशः एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में हुआ है। प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने दोनों विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके परिवार को बधाई देते कहा कि इन्होंने इस उपलब्धि से महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के साथ साथ अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करने का काम किया है।

### मनमानी फीस वसूली से जनता त्रस्त

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि युक्तियुक्तकरण योजना के नाम पर 4000



विद्यालय बंद हो चुके हैं। वहीं 741 नए मदिरालय (शराब) दुकान खुल रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार शिक्षा से ज्यादा शराब को महत्व दे रहे हैं। श्री कन्नौजे ने कहा कि शहर में अनेक अशासकीय अस्पताल, अशासकीय स्कूल-कॉलेज में मनमानी फीस लिए जाने से जनता में घोर नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन ने इन्हें अनाप-शनाप फीस के रूप में खुली छूट दे रखी है। इसी से सत्तापक्ष भाजपा का जनाधार घटता दिखाई दे रहा है। राजनांदगांव शहर के प्राइवेट अस्पतालों के लिए तो यहां इलाज के नाम पर अनेक अस्पतालों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर आंदोलन तक हो चुके हैं। गलत इलाज से मरीज की जान तक जा चुकी है। यह बात अलग है कि बाद में आपस में समझौता हो गया हो। स्कूलों में अनाप-शनाप वसूली को लेकर पालक संघ कलेक्टर तक से शिकायत कर चुके हैं।

### बैंक प्रांगण में पौधरोपण

**जालबांधा।** स्थानीय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रांगण में एक पेड़ मां के



नाम के आयोजन के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्राधिकारी अधिकारी फ़िरन वर्मा, समिति प्रबन्धक खिलेश साहू, पवनतरा सरपंच राजेन्द्र वर्मा, नरेश यादव, कमला सिन्हा, पूरन वर्मा, प्रह्लाद, कन्हैया, भुवनेश्वर वर्मा, बबला, दादू आदि उपस्थित थे।

## निधन



### दीपक साहू

**राजनांदगांव।** मंच संचालक समिति छत्तीसगढ़ के निवर्तमान प्रदेश सलाहकार एवं राजनांदगांव जिला इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष छोटू साहू सिंघोलिया के ज्येष्ठ पुत्र दीपक साहू का अस्वस्थता के चलते गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। सिंघोला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई गई

# विचारधारा से न हटे, जरा सी चूक विकसित भारत बनने में बाधक होगी: योगेशदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के आधार स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 7 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में उत्तर एवं दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित थे।

संगोष्ठी में वक्ता के रूप में किसान नेता अशोक चौधरी, अशोकदित्य श्रीवास्तव, सुनील बाजपेई, पूर्णिमा साहू, शिव वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण को विस्तार से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने भारतीय जनसंघ की नीतियों और सिद्धांतों को विस्तार से बताते कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पं. दीनदयाल उपाध्याय वीर सावरकर, डॉ. आंबेडकर और देश के ऐसे कई लोगों ने मिलकर देशहित में एक विचारधारा का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री जैसे पद को त्यागकर डॉ. मुखर्जी ने विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते कठोर यातनाएं भी सही, परंतु देश के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। अगर भारत विकास के सोपानों को पार करेगा तो भारत के सारे नागरिकों को विकसित भारत का लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते कहा कि जरा सी चूक या लापरवाही भी हमें विचारधारा से भटका सकती है।

#### मानवता के उपासक थे मुखर्जी

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उन्होंने हिंदू महासभा में कई लोगों को शामिल कराया और सभी को राष्ट्रवादी विचारों से जोड़े रखा। उन्होंने कहा कि मुखर्जी की इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं, इसलिए वे धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। मुखर्जी ने एक देश में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।

#### 428 कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यक्रम के संयोजक किशुन यदु ने बताया कि 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई उनके जन्मदिन तक चले पखवाड़े में उनके नेतृत्व में सभी 16 मंडलों में 428 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के सह-संयोजक रामकुमार गुप्ता और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया एवं प्रशांत गोलू गुप्ता ने किया।

## 350 बालिकाओं के खुले सुकन्या समृद्धि खाते



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश और मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। जिले के सभी 29 सेक्टर मुख्यालयों में आयोजित इन शिविरों में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत कुल 350 आदिवासी बालिकाओं के खाते खोले गए। जिले में अब तक 7500 बालिकाओं के सुकन्या खाते खोले जा चुके हैं।

## छाया व फलदार पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला मुंजालपाथरी संकुल चिरचारीकला में प्रधानपाठक दीपमाला साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधे रोपण किए।



शिक्षिका दीपमाला साहू द्वारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली व दूसरी पढ़ने वाले बच्चों के माताओं को खेल-खेल में घर में उपलब्ध संसाधनों से ही कैसे शिक्षा दी सकती है, पर विस्तारपूर्वक बताया व नियमित स्कूल भेजे जाने का आह्वान किया।

शिक्षिका द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व माताओं के साथ शाला परिसर में बेल, काजू, बादाम, कटहल, आम, शमी, गुलमोहर, रीटा समेत अन्य प्रजाति के पौधे रोपित किए और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक महिला माताओं को दिया गया।

गौरतलब हो कि शाला परिसर बिना सुरक्षा के अस्त व्यस्त था, जहां रात्रि में जानवरों व असमाजिक तत्वों द्वारा गंदगी फैलाया जाता था, जिसे स्वयं के व्यय पर जाली तार द्वारा फेसिंग कर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया, जिसे ग्रामीणों द्वारा सराहा गया। अंत में स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सुखदेव साहू, जीवन साहू, विक्रम साहू व महिला माताओं समेत सहायक शिक्षक नेहा कोमरे, राजेन्द्र मेश्राम, संतोषी पांडे, दुमेन्द्र पिस्दा आदि उपस्थित थे।

## मोहर्रम में दिखे नए पैटर्न के शेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



इस्लामी नववर्ष मोहर्रम के दौरान 10 दिनों में शेर बनने की परंपरा रही है। हालांकि मुस्लिम समाज द्वारा शेर बनने पर मनाही है और अधिकांश दीगर कौम के लोग शेर की वेशभूषा में नजर आते हैं। इस वर्ष शेर बनने की वेशभूषा ही कुछ अलग नजर आई। इस वर्ष मन्नत और आस्था के शेर दिखाई नहीं दिए, जिस पर अतरंगी पेंटिंग और अलग तरह के साथ साज में शेर बनने वालों की तादाद अधिक दिखाई दी।

मोहर्रम के इन 10 दिनों में शहर की सड़कों पर मन्नती शेर भी नजर आए। इस वर्ष शेर बनने की वेशभूषा में काफी बदलाव देखा गया। पारंपरिक साज के अलावा मॉडर्न लुक में भी शेर बनकर लोग शहर की सड़कों पर नाचते दिखे। वहीं आधुनिकता के चलते आंखों पर शेर बने लोगों द्वारा नीले, हरे, लाल, सफेद और भूरे कॉन्टैक्ट लेंस भी लगाए गए थे।

#### दरगाह में एंट्री बैन

बीते कुछ वर्षों से रानीसागर स्थित अटल सैयद की दरगाह के भीतर शेर की वेशभूषा में प्रवेश बंद कर दिया गया है। इस वर्ष दरगाह कमेटी ने शेर बनने को लेकर इसे गैर इस्लामिक रिवाज होने का बैनर भी लगाया था। इस दौरान शेर बने लोग दरगाह के बाहर से ही डांस कर लौटे।

#### बच्चों में रहा उत्साह

मोहर्रम के 10 दिनों में शेर देखने को लेकर बच्चों में उत्साह नजर आया। सुबह से ही रात 11-12 बजे तक गली-मोहल्ले में शेर बाजे की धुन सुनाई देती रही। अलग-अलग मोहल्ले से 8-10 की संख्या में युवाओं की टोली शेर बनकर निकली। बड़े-बड़े डीजे और धुमाल के बीच शेर बनकर लोग घंटों झूमते रहे।

### लखोली क्षेत्र के वार्डों का महापौर ने किया निरीक्षण

## आवासों का नियमानुसार होगा आबंटन

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने 5 जुलाई को वार्ड निरीक्षण की कड़ी में लखोली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32, 33 एवं 35 का निरीक्षण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर पानी सफाई के संबंध में चर्चा की और वार्ड में व्यवस्था सुदृढ़ करने तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।



वार्ड नं. 32 व 33 का निरीक्षण के दौरान संजय नगर तथा बैगापारा में वार्डवासियों से रूबरू होकर कुछ घरों में पानी कम आने की शिकायत पर पानी आने के समय निरीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिए। पानी भरान क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था के अलावा ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर समुचित साफ-सफाई करने कहा। सरेखिन तालाब सौंदर्यीकरण के लिए राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत प्रस्ताव तैयार करने अधिकारी को निर्देश दिए। सामुदायिक भवन एवं मंच निर्माण की मांग पर स्टीमेट तैयार करने कहा। वहीं वार्ड नं. 35 संतोषी नगर तालाब में टो-वॉल तथा नाली के शेष कार्य पूर्ण करने कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि बरसात को ध्यान में रखकर मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए सघन बस्ती में साफ-सफाई एवं पानी निकासी की व्यवस्था करें तथा नाली नालों की सफाई कराए।

महापौर यादव लखोली उप स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा लेकर व्यवस्था एवं दवा की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए लोगों को उपाए करने समझाईस दें। बीमार व्यक्तियों का ईलाज कर उन्हें सावधानी के उपाए बताए लोगों में जागरूकता लाएं।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे डॉ. रमन

■ श्री साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के हमालपारा में शनि मंदिर रोड में आगामी 10 जुलाई को साई सेवा धमार्थ संस्थान एवं उमंग गणेश उत्सव समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आमंत्रित किया गया है। आयोजन के तहत सुबह 7 बजे आरती एवं अभिषेक और शाम 7 बजे बाबा की पालकी का आयोजन रखा गया है। दूसरे दिन 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे बाबा की प्रसादी भंडारा का आयोजन होगा। इस



अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष शरद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुरेश चौरड़िया, सचिव नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश अवचट, सह-कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र अवचट, मीडिया प्रभारी मनोज सिन्हा, नवनिर्वाचित सदस्य उमेश यादव, प्रहलाद सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य नितीन अवचट, रितेश शर्मा, विकास, कृष्णा बाबा ठाकुर, राहुल गुप्ता, विशेष सहयोग चंदू राठौर, प्रकाश कांकरिया, सदस्यगण सोनू यादव, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहेंगे।

## शक्तिधाम स्थापना दिवस पर भक्तों का उमड़ा हुजूम

**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 6 जुलाई को 6वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः मां काली की अघोर महाआरती पश्चात वृक्षारोपण, रक्तदान एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया, जहां आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी।स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्राम सहित दूर-दराज से आए लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। वहीं रक्तदान में दूरदराज से आए माता के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विशेष अतिथि राजनांदगांव-डोंगरगढ़ रेलवे क्षेत्र की निरीक्षक आरपीएफ एवं प्रसिद्ध पंडवाणी गायिका तरुणा साहू व चिचोला टीआई नरेश बंजारे शामिल रहे। उन्होंने मां काली की पूजा-अर्चना पश्चात वृक्षारोपण कर मंदिर समिति के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। मंदिर समिति के संस्थापक गुरुदेव हरीश यादव ने रक्तदान कर



रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। वहीं लालबाग आरक्षक राजकुमार बंजारे ने भी रक्तदान कर इस आयोजन की सराहना की। मंदिर के मुख्य पुजारी गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष शक्तिधाम के स्थापना दिवस पर प्रातः मां महाकाली की आरती पश्चात वृक्षों का रोपण किया गया। समिति के सदस्यों सहित दूर दराज से आए माता के भक्तों ने 61 यूनिट ब्लड डोनेट किया। ग्राम सहित आसपास गांव के लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना एवं उनकी टीम द्वारा उचित परामर्श व निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया।

### तीन शिफ्ट में लगी ड्यूटी, टांकाघर में कंट्रोल रूम

# बाढ़ नियंत्रण: 24 घंटे तैनात रहेगा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए 24 घंटे रोकथाम के उपाय, पानी भरान को रोकने सहित प्रभावितों के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे को वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिए प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को सौंपा गया है।

इसके अलावा उप अभियंता ज्योति साहू, सुषमा साहू, पिंकी खाती, आयुषी सिंह, रोमाली शेंडे, तिलकराज ध्रुव, मोनेन्द्र साठिया, अशोक देवांगन व डागेश्वर कर्ष को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है। इनके सहयोगी के लिए कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है, जो तीनों शिफ्ट में सुबह 8 से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे।

वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानों की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिए प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गई है।

वहीं लेबर व्यवस्था व रेत बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता डागेश्वर कर्ष व युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है। इसी प्रकार रैनकोट, गैती, फावड़ा तगाड़ी आदि की व्यवस्था करने समयपाल चिराग मेश्राम एवं विद्युत व्यवस्था के लिए सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को निर्देश दिए गए हैं।

आकस्मिक वाहन व्यवस्था हेतु मोटर विभाग के सुरेन्द्र साव व स्कूल में ठहरने की व्यवस्था के लिए राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर एवं राजस्व उप निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि टांकाघर के मोटर प्रतिपालन विभाग को बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है और इसमें मो. नं. 92433 01408 में शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए भी सूचना दी जा सकेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी समयपाल चिराग मेश्राम को बनाया गया है।



**खबर संक्षेप**

## गौठान कीचड़ से लथपथ, मवेशियों को उठने बैठने में भारी परेशानी



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नाऊडीह, दौजरी, जेवड़न खुर्द, बांझीमोहा, डबराभाट, घुकसा, बरबसपुर और सिंघनपुरी के गौठान में बारिश का पानी भरने व कीचड़ से सनी तथा लथपथ होने के कारण मवेशियों को उठने-बैठने में भारी मसक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे मवेशियों में बीमारी का खतरा बढ़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र के गौठान में देख-रेख के अभाव में गौठान कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। बारिश से गौठान में जल भराव की स्थिति निर्मित होने मवेशी पूरी दिन कीचड़ मय होने की खड़े रहने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा गौठान में मुरुमीकरण डालकर समतलीकरण करने की मांग की गई ताकि गौ-माता को उठने बैठने में राहत मिल सके।

## डीएपी खाद नहीं मिलने से दर-दर भटक रहे हैं किसानः दिनेश पाण्डेय

**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा का सरकार आया है उस दिन से किसानों को भारी



दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी हक की लड़ाई के लिए किसान संघ संगठन के माध्यम से लगातार आवाज बुलंद कर रहे है। वहीं वर्तमान में क्षेत्र के सोसायटी केन्द्रों में पर्यप्त डीएपी खाद नही होने के कारण ग्रामीण किसान इधर-उधर भटकने मजबूर है। जिस पर दिनेश पाण्डेय ने बताया कि किसानों सोसायटी केन्द्रों में पर्यप्त डीएपी खाद नहीं होने तथा मिलने कारण क्षेत्र के ग्रामीण किसान निजी दुकान से औने-पौने दाम पर डीएपी खाद खरीदने मजबूर है। उन्होने बताया कि खेती किसानी कार्य के डीएपी खाद अत्यंत आवश्यक होती है, इसीलिए किसान अपने हक के लिए संघर्ष करते आ रहे। वहीं आज पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में क्षेत्र के गन्ना किसानों द्वारा बेची हुई गन्ना फसल की बकाया राशि बाकी होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण किसानों की परेशानियां और बढ़ गई है। जिस पर श्री पाण्डेय ने कहा कि आज किसानों की समस्या को देखते हुए कई बार शिकवा-शिकायत व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन के बाद भी जिम्मेदार व शासन प्रशासन मौन नजर आ रहे है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**लोकार्पण:** रिमझिम बारिश के बीच पंडरिया नगर में सीएम ने की सौगातों की बारिश

# महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों का सीएम व विस अध्यक्ष ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया में नालंदा परिसर एवं ऑडिटोरियम, नवीन पालिका भवन एवं व्यावसायिक भवन निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक सड़क चौड़ीकरण, कुण्डा में नवीन महाविद्यालय भवन एवं कुण्डा अस्पताल का विस्तार, रणवीरपुर को नवीन उपतहसील और बिरेन्द्र नगर में नवीन महाविद्यालय स्थापना की दी सौगात, 72 करोड़ 73 लाख अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रविवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय विद्यालय परिषर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विधानसभा के महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क बसों का वर्चुअल लोकार्पण किया और 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थें।

खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर उड़ान न भरने की वजह से कार्यक्रम को परिवर्तित कर वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इतने खराब मौसम के बावजूद आयोजन स्थल में 15 हजार से अधिक लोगों का आगमन हुआ और सभा स्थल पूरी तरह से भर गया। क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया और लगातार उनका आगमन एवं कार्यक्रम में उपस्थिति जारी रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जनता के लिए किए जा रहे जनसेवा के कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जनता की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहें हैं। एक जागरूक विधायक और समाज सेविका के रूप में वे अपने सभी दायित्वों का पूरे समर्पण भावना से निर्वहन कर रहीं हैं।

आज उनके द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए 5 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत करके एक मिशाल पेश की है कि एक जनप्रतिनिधि क्या कर सकता है। वे कई महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं, जो सामाजिक परिवर्तन से लेकर अपने क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा में निःस्वार्थ कार्य कर रही हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह पल मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। पंडरिया विधानसभा की मेरी बहनें अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिए जो भी संभव प्रयास होगा उसे करने के लिए मैं हमेशा प्रयास करती रहूंगी।

हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और विकास इन चार आधार स्तम्भों और आप सभी की आकांक्षाओं के अनुरूप पंडरिया विधानसभा को समृद्धशाली और विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसमें बेटियों की शिक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके पूर्व हमने महाविद्यालय से घर आने-जाने में हमारी बहनों को हो रही असुविधा को देखते हुए 3 निःशुल्क बसों का संचालन शुरू किया और आज हमने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 5 अतिरिक्त निःशुल्क बसों का संचालन शुरू करने जा रहे हैं।

जिसका मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने आज वर्चुअल लोकार्पण किया है। यह बस उन सभी बहनों के लिए केवल एक आवागमन की सुविधा नहीं बल्कि यह उनके सपनों, उनके सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ने में एक सारथी की भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य है कि 1000 छात्राओं को हमारे इस प्रयास का लाभ मिले और वे उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने सपनों को पूरा करें। इतनी बारिश में भी आप सभी का इतनी बड़ी संख्या में आगमन से बहुत ही प्रसन्नता हुई अप सभी की उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सभी पार्षद, जनपद सदस्य, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों




### पंडरिया विधानसभा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की कई घोषणाएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए पंडरिया विधानसभा को नए विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मांग पर पंडरिया में नालंदा परिसर एवं 250 सीट वाले ऑडिटोरियम की स्थापना, पंडरिया में नगर पालिका के नवीन भवन एवं व्यावसायिक परिसर निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक 2 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग 130ए के 2 किलोमीटर सड़क का फोरलेन चौड़ीकरण, कुण्डा में नवीन महाविद्यालय भवन एवं कुण्डा अस्पताल का विस्तार, रणवीरपुर को नवीन उपतहसील बनाने की स्वीकृति, बिरेन्द्र नगर में आगामी शैक्षणिक सत्र से नवीन महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री द्वारा पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से जनता की बहुप्रतीक्षित मांगों को स्वीकृति मिलने से जनता में उत्साह एवं हर्ष है और सभी ने मुख्यमंत्री और पंडरिया विधायक का इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया।

### पंडरिया विधानसभा की जनता को करोड़ों के विकास कार्यों की सौंगात डबल इंजन भाजपा सरकार में मिली:सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किए गए अपने वादों को प्रतिबद्धता से पूरा कर रही है। महतारी वंदन योजना, किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस, 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 55 सौ रुपए की गई और चरण पादुका योजना पुनः शुरू की गई, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहयता जैसे अभूतपूर्व कार्यों से प्रदेश की तस्वीर बदल रही है और जनता के जीवन में खुशहाली आ रही है। नक्सलवाद के समाप्ति के लिए गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लगातार लाल आतंक पर प्रहार हो रहा है, नक्सली सरेंडर कर रहें हैं और पीएम जनमन योजना व नियद नेल्लानार योजना से आदिवासी क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित हो रहा है। आज पंडरिया विधानसभा की जनता को भी करोड़ों के विकास कार्यों की सौंगात डबल इंजन भाजपा सरकार में मिली है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है जिसके लिए मैं यहां उपस्थित आप सभी का अभिनंदन करता हूँ क्योंकि यह सभी कार्य आपके आशीर्वाद और जनविश्वास से हुआ है।

### छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन, विकास कार्यों से हर गांव तक योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहाः डॉ रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमती भावना बोहरा द्वारा आज महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए जो कार्य किया है, वह पंडरिया विधानसभा के लिए इतिहास रचने वाला है। श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए कड़ी मेहनत, तपस्या और समर्पण भाव से कार्य कर रही हैं। आज उनके द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत पूरे छत्तीसगढ़ में एक अनूठा कार्य है। विधानसभा में भी जनता की आवाज बनकर वो मुखरता से क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और जनता के मुद्दों को विधानसभा पटल पर रखती हैं, उनके इसी कार्यशैली और विधानसभा की कार्यवाही में सक्रीय सहभागिता के लिए उत्कृष्ट विधायक चुना गया। मैं पंडरिया विधानसभा की जनता का भी अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर प्रदेश में भाजपा का सुशासन स्थापित किया। आज छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन, विकास कार्यों से हर गांव तक योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहा है।

### विधायक का प्रयास बेटियों की शिक्षा व सशक्तिकरण में महत्वपूर्णः सांसद

राजनांदगांव सांसद संतोष ने कहा कि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा किया गया यह प्रयास बेटियों की शिक्षा व सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण पहल है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपने हुनर व कौशल से हम सभी का मान-सम्मान बढ़ा रहीं हैं, ऐसे में उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवागमन की बेहतर सुविधा उन्हें अपने उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर कवर्धा जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने आभार भाषण देते हुए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया।

### महतारी सम्मान अलंकरण से नारी शक्ति सम्मानित

इस अवसर पर आयोजित महतारी अलंकरण सम्मान समारोह में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, बैगा आदिवासी महिलाओं एवं प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं, महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों, टॉपर छात्राओं, खिलाड़ी छात्राओं, महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के विशेष आमंत्रण पर उनसे भेंट करने वाली ग्राम कांदावानी और लेदरा की बैगा आदिवासी समाज की श्रीमती जगतीन बाई, श्रीमती तितरी बाई, और श्रीमती बलि बाई को भी सम्मानित किया गया।

# सीएम ने की विधायक भावना बोहरा के कार्यों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से पंडरिया के पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जुड़कर पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों का शुभारंभ किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पहल पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा छात्राओं की शिक्षा को सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा की सभी बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा बेटियों की सुरक्षा एवं शिक्षा के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं और पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय उदाहरण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पंडरिया, पिपरिया, पांडातराई, सहसपुर लोहरा एवं कवर्धा के महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिए पांच और निःशुल्क बसों की सौगात मिलना न केवल एक सुविधा है, बल्कि बेटियों के आत्मबल और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे पूर्व में संचालित तीन बसों के साथ अब कुल आठ निःशुल्क बसें पंडरिया विधानसभा की बेटियों के लिए उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की भावना के अनुरूप है और राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार की योजनाओं से छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने लक्ष्य की ओर पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज की सबसे बड़ी ताकत है और हमारी सरकार का पूरा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि राज्य की बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, डॉ. बीरेन्द्र साहू, पंडरिया नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजूला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमीत तिवारी, पाण्डातराई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी, गोपाल साहू, सीताराम साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, हजारों की संख्या में नागरिक गण, महिला, युवा, बुजुर्ग उपस्थित थे।

## पूरे प्रदेश को गड्ढों में तब्दील करने वाले कांग्रेसी आज बहा रहे हैं घड़ियाली आंसूः अश्वनी यदू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

सड़क को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पोस्ट करने के बाद सियासत गर्म हो



गई है। कांग्रेसी गड्ढे में बैठकर प्रदर्शन कर रहे है, तो बीजेपी के नेताओं ने इसे राजनीति चमकाने का तरीका बताया है। वहीं इस विषय को लेकर सूबे के उप मुख्यमंत्री ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की इनको गड्ढे में बैठना नहीं चाहिए, उसके जगह पर लेट जाना चाहिए क्योंकि ये गड्ढों के जन्मदाता कांग्रेसी ही है। इस विषय को लेकर जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति एवं बीजेपी के सदस्य अश्वनी यदु ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेसियों को गजनी पिक्चर का अमीर खान कहा है। जैसे गजनी पिक्चर में अमीर खान सब भूल जाता है, वैसे ही कांग्रेस वाले अपने पांच साल में दिए गए गड्ढों को भूल चुके है।

जिस पर अश्वनी यदु ने कहा की कांग्रेस की सरकार रहते हुए कवर्धा जिला को एक सड़क तक का सौंगात नहीं मिला, प्रदेश के कद्दावर मंत्री मो. अकबर के रहते पूरा पांच साल विकास के लिए तरसता रहा, कांग्रेसी शायद भूल चुके है जिस मार्ग पर प्रदर्शन कर रहे है भूपेश बघेल के शासन काल में उनको सोसल मीडिया में टैग कर करके कई बार भेजा गया, कई प्रदर्शन हुए, राखी के दिन एक भाई-बहन का दुर्घटना हुआ। जिसको लेकर कई प्रदर्शन हुए, लेकिन भूपेश बघेल के तत्कालीन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगा। आज सड़कों की दुर्दशा अगर ऐसी है उसके मुख्य कारण भूपेश बघेल की सरकार रही विकास कार्यों को पूरी तरह अनदेखा किया गया पूरा कांग्रेस पार्टी सबसे अधिक बिजी रहा तो वो है खाओ पियो योजना जिसे कांग्रेसियों ने नाम दिया था, राजीव युवा मितान क्लब आज भाजपा की सरकार दो वर्ष भी पूरा नहीं किया है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में उन्नति की नया अध्याय लिखा जा रहा है।

कवर्धा विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने व्यस्तम समय के बाद जितना जन संवाद जन निवारण हर माह करते है, उतना तो मो. अकबर पूरे पांच साल में नहीं किए। विजय शर्मा का अपने जनता के प्रति प्रेम है जो दिन रात उनके सेवा में तत्पर है निश्चित रूप से मात्र डेढ़ वर्ष में जो परिवर्तन कवर्धा शहर एवं पूरे जिले में दिख रही है।

## अशोका स्कूल में स्व. डॉ सुरेंद्र दुबे को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि कवर्धा।** अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के गौरव दिवंगत हास्य कवि डॉ सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी गीत-अपनी कविता काव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक पवन देवांगन, संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन एवं विद्यालय प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती के श्री चरणों के साथ-साथ दिवंगत आत्मा डॉ दुबे के छायाचित्र में फूल अर्पण कर किया गया। विद्यालय संचालक पवन देवांगन ने कवि सुरेंद्र दुबे को याद करते हुए बच्चों को बतलाए कविता केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति हैं। जिसकी मूर्त स्वयं महान कवि सुरेंद्र दुबे हैं, जिन्होंने पूरे विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किए, हमें उन पर सदैव गर्व रहेगा। विद्यालय प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हास्य कवि आज हमारे बीच भले ना रहें, परन्तु वे अपनी कविताओं के माध्यम से हमेशा अमर रहेंगे । इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही यही हैं कि फिर एक नया सुरेंद्र उभर के सामने आए और विधार्थियो में साहित्यिक अभिरुचि अभिरुचि जागृत करना तथा उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को मंच प्रदान करना था। कक्षा 6 से 12 के कुल 60 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयो जैसे प्रकृति, वर्षा, देशभक्ति, हास्य, भक्ति वंदना, प्रेरणा और समाज पर आधारित कविताए प्रस्तुत की।

## विनायक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया

**हरिभूमि कवर्धा।** प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्ण स्कूल परिषर व स्कूल बिल्डिंग बच्चों के अनुसार विभिन्न कार्टूनिस्ट से ओत-प्रोत व वैदिक कलाकृतियों से सजा हुआ, मन को अपनी ओर आकर्षित करते हुए कवर्धा शहर का एक मात्र विनायक पब्लिक स्कूल में इस सत्र के तीसरे एपिसोड के माध्यम से प्रथम सत्र में पिटी, मेडिटेशन एवं योग क्रिया एवं द्वितीय सत्र में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्कूल के डायरेक्टर डॉ नारायण साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू के निर्देशानुसार व स्कूल के प्राचार्य श्रीमती तृप्ति कश्यप के मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को नई सोच, नहीं उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों से बच्चों को ज्ञानार्जन व अवगत कराते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत बच्चों के सानिध्य में विद्यालय परिवार ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है के विषय में अवगत कराते हुए पौधों की संवर्धन एवं सुरक्षा हेतु बच्चों को विस्तृत जानकारियां दी गई। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी एक दिन पूर्व अपने-अपने घरों में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसे सभी अभिभावकों ने आत्मसात करते हुए अपने घर व आसपास स्थानों पर बच्चों के साथ पौधरोपण कर सभी ने सुरक्षा व देखरेख करने हेतु संकल्प के साथ फोटो प्रेषित किया गया।

**दर्री पारा तालाब में लगातार 9वें रविवार को जनप्रतिनिधियों व वार्डवासियों ने मिलकर किया श्रमदान**

## सामूहिक श्रमदान से बदल रही दर्री पारा तालाब की तस्वीरः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के संकल्प के तहत तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में 13वें पड़ाव के तहत लगातार 9वे रविवार को भी दर्री पारा तालाब में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि सामूहिक श्रमदान से अब दर्री पारा तालाब की तस्वीर बदलने लगा है तालाब का पानी स्वच्छ दिखने लगा है जब तक दर्री तालाब साफ नही हो जाता है तब तक आने वाले रविवार को इसी तालाब में श्रमदान चलाया जाएगा। उन्होनें कहा कि इस प्रयास से न केवल तालाब की साफ-सफाई हुई बल्कि पानी की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगा है, तालाब अब स्वच्छ दिखने लगा है लगातार इस तरह के प्रयासों से शहर के पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और जल स्त्रोत सुरक्षित रहेंगे।

### तालाब संरक्षण एवं संवर्धन अभियान में जुटे शहरवासी

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में कवर्धा शहर में जनसहभागिता से एक प्रेरणादायक पहल की जा रही है। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा के संकल्प को साकार करने हेतु तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन अभियान का 13वां पड़ाव रविवार को दर्री पारा तालाब में संपन्न हुआ। जिसमें स्थानीय नागरिकों, समाज सेवियों, युवाओं और मोहल्ले वासियों ने मिलकर तालाब की सफाई हेतु श्रमदान किया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल तालाबों को साफ-सुथरा बनाना है, बल्कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराने में मददगार सिद्ध होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह अभियान अगले रविवार को भी जारी रहेगा और अन्य तालाबों की सफाई के लिए भी योजना बनाई जा रही है। साथ ही श्रावण मास में पदयात्रा जाने के पूर्व बोलबम समिति, मेडिकल एशोशियशन, युवाओं और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा ताकि उनमें जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े।

**मौसम:** बीते कई घंटों से हो रही लगातार की बारिश से जनजीवन हो रहा प्रभावित

# कवर्धा सहित अचंल में झमाझम बारिश, कृषि कार्यों में आएगी तेजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते कई दिनो से आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे कवर्धा सहित अंचल के किसानो की मानो भगवान इन्द्रदेव ने सुन ली है और अब कवर्धा सहित समूचे अचंल में लगातार हल्की तेज बारिश को रही है। जिसे देख किसानो ने राहत की सांस ली है। माना जा रहा है कि इस बारिश के बाद खेती किसानी के कार्यो में तेजी आएगी और धान थरहा लगाने की प्रतिक्षा कर रहे किसान अपने कार्यो में जुट जाएंगे। गौरतलब है कि कवर्धा क्षेत्र सहित अंचल के कई ईलाकों में जून माह के अंतिम दिनो से ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था लेकिन कवर्धा सहित अन्य ईलाकों में खेती किसानी के अनुरूप बारिश का आभाव देखा जा रहा था। पूर्व में हुई बारिश को देख किसानो ने धान का थरहा तथा धान की बोआई तो कर दी थी लेकिन बारिश के आभाव में फसल खराब होने की चिंता उनके माथों में साफ दिखाई दे रही थी और वे लगातार आसामान में टकटकी लगाए देख रहे थे। किसानो के इस इंतजार के बीच बीते शनिवार से कवर्धा सहित समूचे अंचल में लगातार हल्की तेज बारिश देखने को मिल रही है। कवर्धा की बात ही जाए तो यहां रविवार की सुबह से लेकर देरशाम तब बारिश होते रही। हालांकि लगातार हो रही इस बारिश से किसानो में खुशी देखी जा रही है वहीं जनजीवन भी प्रभावित दिखाई दे रहा है। बारिश के चलते रविवार को कवर्धा नगर में लगने वाला साप्ताहिक बाजार प्रभावित रहा। इसके अलावा जिले के ग्रामीण अंचलों में पक्की नाली व सीसी रोड़ के आभाव में लोगों के लिए आवागमन में परेशानियां बढ़ गई है। कुल मिलाकर देखा जाए अंचल में लगातार हो रही बारिश जहां खेती किसानी के लिहाज से राहत दे रही है वहीं आम जनजीवन को भी प्रभावित कर रही है।

### अंचल के बेजान नदी नालों में आई जान

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार पड़ी भीषण गर्मी में अंचल के जो नदी नाले सूख कर बेजान हो चुके थे उनमें अब लगातार हो रही बारिश के चलते जान आ गई है। कवर्धा शहर से गुजरने वाली सकरी नदी, पंडरिया क्षेत्र से बहने वाली हाफ नदी सहित अंचल के दूसरी नदी नालों की बात की जाए तो अब यह बारिश के पानी से लबालब हो गए है। हालांकि अभी तक जिले के किसी भी ईलाकों से बाढ़ की जानकारी नहीं मिली है।

## 36 पौवा देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



- बेमेतरा जिले की शराब कवर्धा में बेंच रहा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अवैध शराब के मामले में आबकारी विभाग ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विभाग ने आरोपी के पास से 36 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 2880 रुपए आंका गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1)क, 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी वृत्त कवर्धा में ग्राम लोचन में अवैध शराब विक्रय की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई थी। ग्राम लोचन में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर केशव पाल पिता जंगलपाल को सड़क किनारे हाथ ठेला चखना सेंटर में संचालित संदिग्ध गतिविधियों को देख विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में कुल 36 नग पाव देशी मदिरा बरामद हुआ। होलो ग्राम की जांच करने पर अन्य जिले बेमेतरा के मदिरा दुकान से विक्रय की गई ड्यूटी पेड मदिरा होना पाया गया। मदिरा को मौके पर विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1)क, 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कर न्यायिक रिमांड में लिया गया। आबकारी वृत्त कवर्धा प्रभारी गीता साहू के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव कुमार रायजादा, आबकारी आरक्षक कमल मेश्राम, इम्तियाज खान वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक दम्पत्ति संचालित कर रहे पुस्तक बैंक

**कुण्डा।** शिक्षा जब दया और संवेदना से जुड़ जाए, तो वह मात्र ज्ञान का माध्यम न रहकर समाज परिवर्तन का स्त्रोत बन जाती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक पहल ग्राम महली के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दंपति तुलस चंद्राकर एवं श्रीमती यक्ष चंद्राकर द्वारा स्वर्गीय रामनाथ चंद्राकर की पुण्य स्मृति में की गई है। उन्होंने शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने के उद्देश्य से एक निःशुल्क पाठ्यपुस्तक बैंक की स्थापना की है, जो बीते पांच वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आशा की किरण बन चुका है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक परिवार ने अपने संकल्प को निभाते हुए कक्षा 11 वीं–12 वीं के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मां श्रीमती शांति बाई के करकमलों से पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। इसके साथ ही कक्षा 6 वीं से 10 वीं के छात्रों तथा नवोदय विद्यालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को भी विषयानुकूल पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

### परीक्षाः पुनर्मूल्यांकन के नतीजे की घोषणा

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने रोके गए व पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें पुनर्मूल्यांकन अंतर्गत बीबीए 5वां सेमेस्टर, एलएलबी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है। यह परीक्षा परिणाम विश्व विद्यालय की बेवसाइट में अपलोड हैं।



## खाद संकट को लेकर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में ग्रामीण एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर अछोली समिति के सामने धरना दिया। प्रदर्शन के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी और महात्मा गांधी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विरोध स्वरूप मंच पर डीएपी खाद रख कर पूजा करते हुए हार चढ़ाया गया।

प्रदर्शन में शामिल विधायक श्रीमती बघेल ने कहा जब कांग्रेस सरकार थी तब किसानों को उपज की अच्छी कीमत दिया गया। किसानों को 5 सालों तक कभी भी खाद की किल्लत से जूझना नहीं पड़ा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि सोसाइटी में खाद् नहीं आने के संबंध में पूछने पर अधिकारी यूक्रेन युद्ध का हवाला देते हैं जबकि निजी दुकान में खाद मिल रही है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कृषि नीति बनाया जबकि भाजपा सरकार उत्पादन को रोक रही है इसलिए किसानों को डीएपी और अन्य खाद उपलब्ध नहीं करा रही है।

### भाजपा राज में किसान बेहाल

प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार के राज में किसान डीएपी खाद के लिए भटक रहे हैं। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव नरेंद्र वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, पल्टू लहरे, पंचराम चंदेल, गोकरण कोसले, दिनेतु प्रकाश जांगड़े आदि ने संबोधित किया।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अंत में राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान, फिरंगी पटेल, फत्तू वर्मा, पंचराम चंदेल, रमन साहू, टुमेश नेताम, श्यामसाय टांडेकर, गजेंद्र कुमार, संजीव गुप्ता, दुलीचंद बडोले, ओम प्रकाश महानदी, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत कांडे, सुरेंद्र अंबादे, तरुण फुले, सुरेश मेश्राम, दिनेश साखरे, मनोज सहारे, इंद्रजीत साहू, राजकुमार, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, किशोर अंबादे, मुकेश साहरे, राजू राजपूत आदि उपस्थित थे।

### रानी रश्मि देवी कॉलेज में मना राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय कालेज में प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला और वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष मोनिका जत्ती मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। मोनिका जत्ती ने सांख्यिकी की उपयोगिता, तकनीक और सांख्यिकी के जनक की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों से साझा करते हुए सांख्यिकी दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। साथ ही विद्यार्थियों को सांख्यिकी के उपयोग व उसको एक कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष सतीश माहला ने सांख्यिकी के वास्तविक जीवन में उपयोग, सांख्यिकी के विभिन्न प्रक्रियाओं, डेटा विश्लेषण और अनुसंधान, कॉर्पोरेट में सांख्यिकी के महत्व को उजागर किया। इस दौरान कालेज स्टाफ सहित बड़ी संख्या मे स्टुडेंट्स मौजूद थे।

## सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम के पूर्व पंडरिया क्षेत्र के कई कांग्रेसी हिरासत में रखे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के विधानसभा पंडरिया में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अन्य भाजपा नेताओं का आगमन तथा क्षेत्र की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए भावना सेवा संस्थान द्वारा प्रारंभ की जा रही पांच निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ तथा विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन प्रस्तावित था। इस प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा भव्य तैयारियां तथा तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हालांकि मौसमी व्यवधान के चलते कार्यक्रम के मुख्य अथिति मुख्य मंत्री विष्णदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नहीं पहुंच पाए और उन्हें सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों में वर्चुवल शामिल होना पड़ा। लेकिन बताया जाता है इस प्रस्तावित कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व तथा सीएम के आगमन के पहले ही पुलिस प्रशासन ने युवा कांग्रेस के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों से हिरासत में ले लिया। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले, किसान नेता रवि चन्द्रवंशी सहित युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी शामिल है। बताया जाता है कि पुलिस प्रशासन को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले के नेतृत्व में पंडरिया क्षेत्र के गांव, गरीब तथा किसानो की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर सीएम को काला झंडा दिखाए जाने की सूचना मिली थी यहीं वजह है कि पुलिस ने इन्हें कार्यक्रम के पहले ही रविवार की सुबह हिरासत में ले लिया। हालांकि जब पुलिस प्रशासन को इस बात की जानकारी मिली की सीएम विष्णुदेव साय पंडरिया दौरा रद्द हो गया है तो सभी को छोड़ दिया गया। इस कार्यवाही पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन से पहले राजनीतिक दबाव में पुलिस द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए एक अपराधी की तरह उन्हें सुबह 7 बजे ही घर से गिरफ्तार कर लिया जो एक राजनीतिक और प्रशासनिक सोची समझी साजिश थी, प्रशासन नही चाहता था कि उनकी कमियां, किसानों की बात मुख्यमंत्री तक पहुंचे इसलिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को उनके घर से गिरफ्तार किया और पंडरिया नगर से गिरफ्तार कर पांडातराई थाना में रखा गया। रवि चंद्रवंशी ने कहा कि शासन-प्रशासन की यह कार्यवाही हमें डरा नहीं सकती हम आगे भी गांव, गरीब व किसानो के हक की आवाज बुलंद करते रहेंगे।

### कवर्धा सहित अंचल में मलेरिया से निपटने महज खाना पूर्ति...

**कवर्धा।** बारिश का मौसम है और जिले के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के जनक मच्छारों का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के मुखिया संबंधित विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर वनांचल क्षेत्र जहां मलेरिया होने की ज्यादा संभावना रहती है, वहां स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को सजग रहने तथा कारगर उपाय करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग विशेष जोर मलेरिया की जांच पर दे रहा है। लेकिन मलेरिया की रोकथाम की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। मलेरिया की जांच और ईलाज के विपरीत इसकी रोकथाम की बात की जाए तो जिला मुख्यालय कवर्धा तक में मच्छरों से निपटने के कोई खास इंतजाम नहीं है। यहां न तो डीडीटी छिड़काव किया जा रहा है और ही बारिश के पानी से भरे गड्डे को पटाने की भी कार्यवाही की गई है। यही हाल जिले के दूसरे नगरीय निकायों का है। रही बात जिले के ग्रामीण एवं वनांचलों की तो यहां का हाल और भी बेकार है। मच्छारों की रोकथाम के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नतीजतन गांवों में जहां तहां गड्डों में भरा बारिश के पानी, जहां तहां लगे कूड़ा करकट के ढेर, गंदगी व कचरा से अटी पड़ी नालियों में खतरनाक मच्छर के लारवा फल-फूल रहे हैं। अब जिले की इस खस्ताहाल व्यवस्था के बीच मच्छारों तथा मलेरिया में रोक कैसे लगेगी यह समझ से परे है।



**पूरे नौ दिनों तक मौसी के घर भगवान जगन्नाथ की श्रद्धा भक्ति से की पूजा अर्चना व सेवा**

## अपनी मौसी के घर से वापस अपने धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अनाथो के नाथ महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथयात्रा के पश्चात अपने मौसी के घर देव व्रिह विश्राम कर देवशयनी एकादशी रविवार के दिन अपने धाम वापस लौट गए।

धर्मनगरी कवर्धा में इस वर्ष भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पश्चात देवांगन पारा निवासी विश्वनाथ गुप्ता के घर पूरे 9 दिनो तक भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र और बहन सुभद्र के साथ विश्राम किया। इस दौरान जहां प्रतिदिन पूजा अर्चना, आरती, भजन, कीर्तन किया जाता है तथा भोग में भगवान जगन्नाथ को दाल-भात एवं परवल की सब्जी परोसी गई। वहीं पूरे नौ दिनों तक चले इस अनुष्ठान के बाद देवशयनी एकादशी के रोज भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र तथा बहन सुभद्रा को वापस अपने धाम लौट गए। धर्म नगरी कवर्धा में इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन वर्षों से किया जा रहा है।

रथ दुतिया पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलभद्र तथा बहन सुभद्रा को उनकी मौसी के घर लगाया गया था और देवशयनी एकादशी को उन्हे पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ अपने धाम भेजा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### चार महीने के लिए शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित

मान्यताओं के अनुसार देवशहनी एकादशी के साथ ही चार महीने के लिए शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चारमास के लिए शयन करते हैं। इसी दिन से चातुर्मास्य व्रत भी शुरू हो जाता है, जो प्रबोधिनी एकादशी एक नवंबर तक चलता है। इस अवधि में वैदिक मान्यताओं के अनुसार शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। देवशयनी एकादशी के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों व घरों में भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई।

## बारिश में कीचड़ से पटी ग्राम नेवारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रबेली



जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे हुए ग्राम नेवारी में बरसात आते ही गांव की सभी गलियां कांक्रिटीकरण तथा पक्की नाली के आभाव में पानी निकासी नहीं होने के कारण कीचड़ में तब्दील हो गई हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम नेवारी के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के वार्ड क्रमांक 6-7 में सीसी रोड़ और पक्की नाली की मांग वर्षो से की जा रही है। लेकिन इस ओर न तो ग्राम पंचायत कोई ध्यान दे रही है और न ही हाल ही में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनकर आए जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के पदाधिकारी कोई रूचि दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनो से लगातार हो रही बारिश में वार्ड की इन कच्ची गलियों की हालत और भी ज्यादा खराब हो गई है। स्थिति ये है कि इन कच्चे रास्तों से अगर कोई चौपाया या ट्रैक्टर गुजर गया तो मार्ग का नजारा खेत जैसा हो जाता है। स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर गांव में उचित पानी निकासी के लिए पक्की नाली व सीसी रोड़ निर्माण की मांग की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे है व कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए है।

**न्यायालय तहसीलदार, रेंगाखारकला**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./......./ब-121/ वर्ष 2025-26
ग्राम रेंगाखारकला

**।। ईश्तहार ।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदनसिंह धरमगढ़े पिता रेवाराम ग्राम भेलवाटोला तहसील रेंगाखारकला जिला कबीरधाम, छ.ग. द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के दादी पुसउराम पिता बादउ का मृत्यु दिनांक 10.12.1998 को ग्राम भेलवाटोला में हुआ है जिसका अज्ञानतावश ग्राम पंचायत भेलवाटोला में मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है जिसके कारण अपने दादी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु बैंक चालान, पटवारी पंचनामा सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 07.07.2025 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 20.06.2025
पेशी दिनांकः- 07.07.2025

मुहर

**कार्यपालन अधिकारी (रा.)**
**रेंगाखारकला**